जसोल धाम पर आने से सुकून मिलता है : गौतम कुमार दक

बालोतरा, (नि.सं.)। राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान बालोतरा पहुंचे। दक ने रविवार को जसोल धाम पहुंच कर देव दर्शन किए। रविवार को सहकारिता मंत्री एक दिवसीय यात्रा के दौरान जसोलधाम पहुंचे। जहां उन्होंने जगत जननी श्री राणीसा भटियाणीसा के दर्शन पूजन किए।

सहकारिता मंत्री गौतम दक के जसोल धाम पहुंचने पर श्री राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान की ओर से स्वागत किया। सहकारिता मंत्री ने जसोल धाम में जसोल मां के दर्शन कर प्रदेश में खुशहाली की मंगल कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मां के दर्शनों को आने से बड़ा सुकून मिलता है। जब भी इस क्षेत्र में आता हूं तो मां के दर्शन किए बिना नही जाता। यहां आने के बाद मन को सुकून मिलता है।

सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने जसोल धाम में मां के दर्शन किए। फोटो-राष्ट्रदूत

उन्होंने कहा कि जब में पहली बार आया तो विधानसभा चुनाव का मौका था और मां के दर्शन के दौरान ही मुझे प्रत्याशी बनाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। माँ के आशीर्वाद से विजय श्री मिली और प्रदेश सरकार में मंत्री पद पर आमजन की सेवा कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि धाम का स्वरूप बहुत की सुंदर है। रावल किशनसिंह जसोल के मार्गदर्शन में यहां जो विकास कार्य हुए है, जिसका लाभ आने वाले श्रद्धालुओं को मिल रहा है। इस दौरान पचपदरा विधायक अरुण चौधरी मौजूद रहे।

वहीं अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने नाकोड़ा तीर्थ स्थल का दर्शन कर पौधारोपण किया। सहकारिता मंत्री दक ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मानसून सत्र में विभिन्न सहकारी संस्थाओं में अधिकाधिक पौधे लगाये जाए और प्रकृति संरक्षण में सहकारी संस्थाएं महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाए। श्री दक ने बाड़मेर व बालोतरा जिले में दो दो हजार से अधिक और जोधपुर जोन में दस हजार से अधिक पौधे लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि पौधारोपण पश्चात उचित सार संभाल भी की जाए।

इस दौरान सहकारिता विभाग से शुद्धोधन उज्ज्वल अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां जोधपुर जोन और अनिल बिश्नोई, प्रबंध निदेशक बाड़मेर सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक उपस्थित रहे।

पुलिस ने अवैध शराब सहित आरोपी पकड़ा

जालोर, (का.सं.)। पुलिस थाना सरवाना द्वारा 85 कार्टन अवैध शराब मय बोलेरो के बरामद कर एक आरोपी गिरफ्तार किया। वहीं एक किशोर भी संरक्षण मे लिया गया।

जेठुसिंह करणोत वृत्ताधिकारी वृत सांचोर के निकट सुपरविजन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध शराब तस्करी में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध सुरजभानसिंह उ. नि. थानाधिकारी पीएस सरवाना द्वारा गठित टीम भंवरलाल हैडकानि ने मय जाब्ता द्वारा दिनाक 23.06. 2024 को बालेरा फांटा पर दौराने नाकाबंदी की। वरणवा की तरफ से आई बोलेरो गाडी को रुकवाने का इशारा किया, मगर चालक गाडी को करीब 5 किलोमीटर भगाकर सरहद भाटकी ले गया। जहां हैडकानि मय जाब्ता द्वारा सरकारी जीप से पीछा कर गाडी को आड़े डालकर बड़ी मुश्किल से रूकवाकर चैक किया गया। मुलजिम के कब्जे से बोलेरो गाड़ी में भरकर राजस्थान से गुजरात ले जाए जा रहे राजस्थान निर्मित शराब कुल 85 कार्टन अवैध शराब बरामद कर के मुलजिम वीराराम व विधि से संर्घषरत किशोर के कब्जे से बरामद कर बोलेरो वाहन को जब्त किया। प्रकरण आबकारी एक्ट पुलिस थाना सरवाना में पजीबद्ध किया।

तेरह गांव परगना की बैठक में मृत्यु भोज क विरोध

बिशनगढ़ के बाबा रामदेव मंदिर में मेघवाल समाज तेरह गांव परगना की बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के निकट बिशनगढ़ के बाबा रामदेव मंदिर में मेघवाल समाज 13 गांव परगना की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वप्रथम समिति के संरक्षक स्वर्गीय तेजाराम विराश पूर्व सरपंच मांडवला की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा।

इस दौरान समिति के सभी पदाधिकारी एवं समाज के युवाओं ने मृत्यु भोज को लेकर पुरजोर विरोध किया। इस मौके पर 13 गांव परगना के अध्यक्ष छगनलाल ने बताया कि पूर्व में मृत्यु भोज बंद करने में स्वर्गीय तेजाराम की पाबंदी और अभूतपूर्व योगदान रहा। उन्होंने समिति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया। और आज उन्ही के दिवंगत उपरांत पुष्कर प्रसादी हो रही है। जिसका 13 गांव परगना समिति पुरजोर विरोध करती हैं। इसी के साथ समिति के पदाधिकारी और समाज के युवाओं ने कार्यकारिणी को भंग किया। आगामी बैठक 7 जुलाई को मांडवला में रखी जाएगी। जिसमें नवीन कार्यकारिणी गठित की जाएगी।

इस अवसर पर समिति के सचिव रमेश कुमार, दलाराम विराश, अचलाराम पिजोपुरा, जोगराम बॉस, हिरालाल तीखी, बलाराम, चंपालाल बोकडा, भवरलाल सामतीपुरा, रमेश विराश, सुरेश विराश, मोनाराम मांडवला, अर्जुन पटवारी, अजय चौहान, छगनलाल धवल, धीरज विराश, कृष्ण कुमार, रुपेश बोकडा, भरत बिशनगढ समेत युवाओं सहित कई जने मौजूद रहे।

विश्व ओलंपिक दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

पाली जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष महिपाल सिंह निंबाडा के दिशा-निर्देश पर हिन्दू सेवा मंडल में कुष्ठ रोगियों व झुग्गी झोपड़ी में फल व बिस्कुट वितरण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली,(नि.सं.)। विश्व ओलंपिक दिवस पर विभिन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिला ओलंपिक संघ के सचिव राजेश पाटनेचा ने बताया कि आज विश्व ओलंपिक दिवस पर पाली जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष महिपाल सिंह निबांडा के दिशा-निर्देश पर संघ ने हिन्दू सेवा मण्डल में कुष्ठ रोगियों व झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले छोटे बच्चों को को फल व बिस्कुट वितरण किया। इस मौके पर जिला ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष मांगुसिहं दुदावत, बहादुर सिंह राठौड़, सचिव राजेश पाटनेचा, विभिन्न खेलों के कोच व राष्ट्रीय व राज्य स्तर के खिलाड़ी कपिल बारेसा, कृष्णा सांसी, मांगीलाल, भेराराम गुर्जर, जीवाराम पंवार, दिनेश जैन, हिमांशु आदिवाल, सुमित जावा मौजूद रहे। तत्पश्चात बांगड़ स्टेडियम में पियुष दिनकर के नेतृत्व में पक्षियों के लिए पिने का पानी के परिंडे लगाए गये। लोढ़ा स्कूल क्षेत्र व टैगोर नगर में कोच मो हासमी ने परिंडे लगाए, व टेगोर नगर क्षेत्र में बहादुर सिंह राठौड़ द्वारा पौधारोपण किया गया।

सोमनाथ मंदिर के पास आमजन के शीतल जल के लिए ठंडे पानी के केम्पर रख कर आम जन के लिए विभिन्न सामाजिक कार्य करते हुए ओलंपिक दिवस मनाया गया।

मुमुक्षु सुरेन्द्र कोचर का नागरिक अभिनंदन

जोधपुर, (कासं) । जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा व समग्र जैन समाज द्वारा जाटाबास स्तिथ तेरापंथ भवन में जोधपुर के लाडले मुमुक्षु सुरेन्द्र कोचर का नागरिक अभिनंदन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार समारोह की शुरुआत नमस्कार महामंत्र व खुशी डोसी द्वारा तुलसी अष्टकम के मंगल संगान से हुई। इस अवसर पर सभा संस्थाओं और पारिवारिक जनों की ओर से महिला मण्डल मंत्री पूजा सालेचा, परिषद अध्यक्ष मितेश जैन,सुरेश जीरावला, सभा मंत्री मुकेश चौधरी, नरेश सिंघवी, तरुण समदड़िया, गोविन्दराज पुरोहित, श्रवण दुग्गड, मंजू मोहनोत, किशोर कोचर, कानराज मोहनोत, आदेशवर कोचर ने भावाभीव्यक्ति प्रकट की। महिला मंडल व साध्वी वृंद द्वारा सामूहिक गीतिका प्रस्तुत की गई।

साधवी चारित्रप्रभा, साधवी किरणयशा, साधवी विधुतप्रभा ने भी इस अवसर पर अपने भावों की प्रस्तुति देते हुए मुमुक्षु के संयम मार्ग पर बढ़ने की भूरि भूरि प्रशंसा की।

मुमुक्षु सुरेन्द्र कोचर ने अपने अभिनंदन के बारे में कहा की यह अभिनंदन मेरी छोटी सी काया का ना होकर संयम और वैराग्य का है यह गुरु कृपा का सुफल है। आप सभी भी मेरी दीक्षा के उपलक्ष्य में कुछ न कुछ त्याग अवश्य करें तभी सच्चा अभिनंदन स्विकार होगा।

कार्यक्रम में महापौर नगर निगम उत्तर कुन्ती देवडा, विधायक जोधपुर अतुल भंसाली, पार्षद मनीष लोढ़ा, राजेश जाजडा, जतनराज कोठारी की गरिमामय उपस्थिति रही।

समग्र जैन समाज,वीर प्रभु मण्डल, कोचर मेहता भाईपा, क्रिया भवन संघ, भारतीय जैन संगठना, उमराव नवजीवन सेवा संस्थान, त्रिपोलिया मंडल, नरेन्द्र सोनी ओसवाल जीवदया सेवा समिति आदि संस्थाओ, सदस्यों ने मुमुक्षु का शाल, साफा,तिलक, माला, जैन दुपटा आदि से अभिनंदन किया।

मुमुक्षु का जीवन परिचय आकांक्षा सिंघवी ने दिया। परिषद मंत्री अंकित चौधरी ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन कविता सुराणा ने किया।

डोडा पोस्त सहित एक अरोपी गिरफ्तार

धोरीमन्ना थाना के कातरला ग्राम पंचायत क्षेत्र में पुलिस ने 2 क्विंटल 92 किलोग्राम डोडा पोस्त सहित एक आरोपी को पकड़ा। फोटो-राष्ट्रदूत

धोरीमन्ना, (निसं)। धोरीमना थाना क्षेत्र के कातरला ग्राम पंचायत में मादक पदार्थों के तस्कर के रहवासी घर पर छापा मार कर पुलिस ने 2 क्विंटल 92 किलोग्राम डोडा पोस्त सहित एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार भागीरथ राम उर्फ भगाराम बिश्नोई ग्राम पंचायत कातरला के रहवासी मकान में डोडा पोस्त 2 दो क्विंटल 92 किलोग्राम जब्त किया गया। पुलिस को देखकर उसका भाग गया। भागीरथ राम उर्फ भगाराम के खिलाफ दो मुकदमे एनडीपीएस के कोर्ट में चल रहा है।

शनिवार रात्रि 10.30 बजे धोरीमन्ना पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पहुंची। वहीं भागीरथ राम बिश्नोई के घर पर दबिश देकर डोडा पोस्त बरामद किया।

पुलिस ने आरोपी भागीरथ राम उर्फ भगाराम के घर पर तलाशी के दौरान दो क्विंटल 92 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया।

धोरीमना थाना प्रभारी मानकराम बिश्नोई के नेतृत्व में पुलिस कार्यवाही कर एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

टैम्पो चालक पर चाकू से हमला किया

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर शहर के बनाड़ थाने के रमजान का हत्था के पास बाइक सवार दो युवकों ने एक मैजिक गाड़ी रुकाने के बाद ड्राइवर पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में गंभीर घायल हुए ड्राइवर को महात्मा गांधी अस्पताल ले जाया गया। वहीं हमलावर दोनों बदमाश घटना के तुरंत बाद मौके से फरार हो गए।

खोखरिया में सांसी बस्ती निवासी मूमल सांसी ने बताया कि उसका भाई पिंटू पुत्र सूरजाराम सांसी सवारी गाड़ी चलाता है। वह शाम को सवारी लेकर बनाड़ रोड से निकल रहा था तभी रमजान का हत्था के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवक नजर आए। एक युवक ने हाथ से इशारा करके गाड़ी रुकवाई। सवारी समझकर ड्राइवर पिंटू ने ने टेम्पो रोक दिया। इतने में ही दोनों युवक उससे झगड़े पर उतारू हो गए। वे मारपीट करने लगे और एक युवक ने चाकू निकाला और पिंटू पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। जो उसकी पीठ व गर्दन के पास लगे। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। घायल पिंटू को मथुरा दास माथुर अस्पताल ले जाया गया।

थानाधिकारी प्रेमदान रतनू ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने गुरुवार को बस्ती के पास दो जगहों से अवैध शराब जब्त की थी।

अवैध शराब बेचने वालों को अंदेशा है कि पिंटू ने ही पुलिस को सूचना देकर शराब जब्त करवाई थी। इसी के चलते उस पर हमला किया गया है।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई

जालोर, (कासं)। मुख्य सचेतक व विधायक जोगेश्वर गर्ग एवं जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव के निर्देशानुसार श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि भाजपा ग्रामीण मंडल जालोर द्वारा रणछोड नगर में निजी निवास पर मनाई गई।

कार्यक्रम संयोजक जबराराम माली ने बताया कि मुख्य वक्ता मंडल अध्यक्ष महेन्द्रसिंह भागली ने कहा कि मुखर्जी शिक्षाविद्, विचारक, महान विद्वान, राजनीतिज्ञ, भारत के महान नेताओ में से एक और भारतीय जन संघ के संस्थापक थे। महामंत्री प्रेमाराम देवासी ने कहा कि 33 साल की आयु में ही वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति भी बने। इस मौके पर मंडल मंत्री जयंतीलाल माली, नारायण महिला मोर्चा ग्रामीण अध्यक्ष वदी देवी, शांति देवी,हंजा देवी, गंगा देवी, सीमा, ममता सहीत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूनमसिंह क्लब अगले दौर में

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित 20 संडे लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को खेले गए एनसीसी और शहीद पूनमसिंह क्रिकेट क्लब के मैच में शहीद पूनम सिंह क्लब 20 रनों से जीतकर अगले दौर में पहुंचा।

सचिव विमल शर्मा ने बताया कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पूनमसिंह क्लब की टीम ने 20 ओवर में 150 रन बनाए। एनसीसी की टीम 130 रनों पर आउट हो गई।

मार्शल आर्ट शिविर का प्रदर्शन व प्रमाण पत्र वितरण के साथ समापन

पाली, (नि.सं.)। क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में दिनांक 18 जून से चल रहे मार्शल आर्ट शिविर का आज 23 जून को बांगड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाली के प्रांगण में समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विभाग संयोजक कमल तिवारी ने मंचासीन मुख्य अतिथि पुलिस उप अधीक्षक शहरी क्षेत्र पाली जितेंद्र सिंह , सह प्रांत मंत्री अगरा राम चौधरी, संत सूरजन दास, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अनिल भंडारी, जिला उपाध्यक्ष मूल सिंह भाटी, प्रधानाचार्य बसंत परिहार, जिला व्यवस्थापक प्रवीण जांगिड़, जिला कोषाध्यक्ष हेम शंकर शर्मा, मनीष सूट शेरवानी से भामाशाह नेमीचंद गोयल, नगर अध्यक्ष लुंबाराम बी. गहलोत, वि.हि.प. संभाग संपर्क प्रमुख भीमराज चौधरी, साहित्य परिषद विभाग प्रमुख दिनेश मीणा का परिचय करवाया।

अगरा राम चौधरी ने क्रीड़ा भारती की गतिविधियों और मार्शल आर्ट शिविर लगाने के उद्देश्य के बारे में बताया। मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह ने क्रीड़ा भारती द्वारा लगाए गए शिविर में मार्शल आर्ट के प्रशिक्षुओं द्वारा किए गए प्रदर्शन की सराहना की और आत्मरक्षा में इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों को आवश्यक बताते हुए क्रीड़ा भारती से निरंतर ऐसे शिविर आगे भी लगाने का आग्रह किया।

बांगड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाली के प्रांगण में क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में आयोजित शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

प्रशिक्षक अजय शर्मा, सीनियर ग्रीन बेल्ट गुंजन चौधरी, सह प्रशिक्षक हेमाराम राणा, कुसुम सेन व अभिनव द्वारा प्रशिक्षु बालक-बालिकाओं के साथ आत्म रक्षा और मार्शल आर्ट की विविध विधाओं का प्रदर्शन किया गया। पूज्य संत सूरजन दास द्वारा आशीर्वचन प्रदान किया गया। मार्शल आर्ट शिविर के प्रशिक्षक, सह प्रशिक्षकों व पालक कार्यकर्ता दिलिप कुमावत और पुष्पेंद्र डाबी को स्मृति चिन्ह दिए गए। शिविर में नियमित रूप से आने वाले 150 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। सत्यनारायण माहेश्वरी बर्फ व्यवसायी मील गेट की तरफ से शिविर में उपस्थित सभी के लिए गन्ने के रस की व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर जिला व्यवस्थापक प्रवीण जागिंड ने अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में सिद्धार्थ ओझा, राजेश पाटनेचा, मनीष कुमार, सोनल, सुरेंद्र सिंह चारण, विक्रमादित्य सिंह, नरेंद्र सिंह बाला, केसर सिंह, वीरेंद्र सिंह चौहान, अरविंद चतुर्वेदी, आशा तिगाया, जगदीश सिंह, ललित थावानी, पीयूष दिनकर, जितेंद्र रांका, तन्वी राजपुरोहित, शैलेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

इतिहास संरक्षण अति महत्वपूर्ण व जिम्मेदारी भरा कार्य : खत्री

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर शहर की गांधी कॉलोनी में स्थित आदर्श विद्या मंदिर के सभागार में इतिहास संकलन समिति जैसलमेर की जिला स्तरीय बैठक हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तिलोकचंद खत्री ने कहा कि इतिहास लेखन बहुत ही जिम्मेदारी का कार्य है। हमें ऐतिहासिक प्रमाणों व संदर्भो के आधार पर वस्तुनिष्ठ इतिहास लेखन करना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि भारतीय इतिहास की कालगणना विश्व के लिए आश्चर्य और आदर्श है, उसी के अनुरूप इतिहास लेखन होना चाहिए। मुख्य वक्ता केसरसिंह राठौड़ ने कहा कि राष्ट्रीय दृष्टिकोण से इतिहास का पुनर्लेखन होना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषंगिक संगठन के रूप में इतिहास को संजोने का कार्य समिति द्वारा किया जा रहा है, हम सभी इनके सहयोगी बनें।

इतिहास संकलन समिति जैसलमेर की आदर्श विद्या मंदिर के सभागार में बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

उन्होंने कहा कि इतिहास किसी भी जीवंत राष्ट्र के लिए थाती है, उसके भविष्य के लिए अनिवार्य तत्त्व है।

मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत आगाज किया गया। अध्यक्ष तनेसिंह सोढा ने भूमिका प्रस्तुत की। सचिव रतनसिंह ने स्थानीय इतिहास लेखन पर प्रकाश डाला। परिचय कार्यक्रम के बाद उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। पार्थ जगानी ने शिलालेख संरक्षण पर अपनी वार्ता प्रस्तुत की जिले में स्थित बोनीकी भाषा में लिखित सभी शिलालेखों के समीप हिंदी भाषा में शिलालेख का निर्माण करवा कर लगवाने की आवश्यकता है जिससे युवा हिंदी शिलालेख को पढ कर अपना ज्ञान वर्धन कर सके ।

बैठक में मुकेश जोशी, नवीनसिंह, तनेराव सिंह, उम्मेदसिंह, डॉ जालम सिंह, तेजपाल सिंह, दिलीप माली, हरीश छंगाणी, आभा आदि ने भाग लिया। 27 जून को समिति के पदाधिकारी बीकानेर में होने जा रही प्रांतीय बैठक में भाग लेंगे।

सम्मान किया

जोधपुर, (कासं)। घांची समाज वरिष्ठजन सेवा समिति की ओर से घांची समाज के 890 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को मुख्य वरिष्ठजन समान समारोह आयोजित किया गया।

समिति अध्यक्ष इंजीनियर लक्ष्मीनारायण भाटी व सचिव राजेंद्र भाटी ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह घांची समाज बगेची महादेव वाटिका, गुफा बासनी में हुआ।

मलाइका अरोड़ा जोधपुर पहुंची

जोधपुर, (कासं) । बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा रविवार सुबह जोधपुर पहुंची। मलाइका को जोधपुर एयरपोर्ट के बाहर स्पॉट किया गया था। वो बीकानेर में एक ज्वेलरी शोरूम की लॉन्चिंग पर यहां आई।

इस दौरान जैसे ही लोगों को मलाइका के आने की सूचना मिली। यहां भीड़ जुट गई।

प्रशंसकों सेल्फी लेने के लिए जमा होने लगे। बता दें कि दोपहर को ज्वेलरी शोरूम की लॉन्चिंग के बाद मलाइका बीकानेर के लिए रवाना हो गई।

जोधपुर एयरपोर्ट पर पहुंची मलाइका ने अपने प्रशंसकों का हंसते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया और उन्हें हाथ जोड़कर नमस्ते भी किया। मलाइका ने धूप से बचने के लिए सन ग्लासेस लगा रखे थे। उन्होंने कैप भी पहनी हुई थी। वहीं हल्की ब्लू जींस और व्हाइट कैजुअल टी शर्ट में मलाइका काफी गॉर्जियस लग रही थी। जोधपुर के बाद मलाइका कार के जरिए बीकानेर निकल गई।